## सिस्टम की सच्चाई बयान करता यह गाँव - जहां योजनाएं जमीन तक पहुंचते पहुंचते तोड़ देती है दम

# पातालकोट का दर्द: विकास के दावों के बीच 'दौरिया पाठा' की खामोश पुकार







हरिभूमि न्यूज ▶▶| तामिया (बाबा ठाकुर/मनीष गड़करी)

भारत आज विकास की नई इबारत लिख रहा है। देश तेजी से प्रगति के पथ पर अग्रसर है और सरकार का लक्ष्य है कि भारत को एक विकसित राष्ट्र के रूप में विश्व मंच पर स्थापित किया जाए। योजनाओं, बजट और विशेष पैकेजों के माध्यम से गांव-गांव तक विकास पहुंचाने का दावा किया जा रहा है। विशेष रूप से आदिवासी और विलुप्त प्राय जनजातियों जैसे भारिया, वेगा और सहरिया के उत्थान के लिए केंद्र सरकार द्वारा बड़े पैमाने पर संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। लेकिन इन दावों की चमक के पीछे एक कड़वी सच्चाई भी छिपी है, जो मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा जिले के तामिया क्षेत्र स्थित पातालकोट के छोटे से गांव दौरिया पाठा की कहानी बयां करती है।

### जान जोखिम में डालकर जीवन

दौरिया पाठा के ग्रामीणों की दिनचर्या किसी संघर्ष गाथा से कम नहीं। ग्राम पंचायत या बाजार तक पहुंचने के लिए उन्हें दूधी नदी की गहरी खाई के ऊपर बने एक अस्थायी लकड़ी के 'लांघा पुल' को पार करना पड़ता है। यह पुल न केवल जर्जर है, बल्कि हर पल हादसे को न्योता देता है।बच्चे, महिलाएं, बुजुर्ग सभी इसी पुल से अपनी जान जोखिम में डालकर आवागमन करते हैं। आश्चर्य की बात यह है कि आजादी के इतने वर्षों बाद भी यह गांव सुरक्षित आवागमन की सुविधा से वंचित है।

### विकास की राह से कोसों दूर एक गांव

दौरिया पाठा, ग्राम पंचायत कारेआम रातेड के अंतर्गत आने वाला एक अति पिछड़ा गांव है, जहां लगभग 17 परिवार और करीब 70 की आबादी निवास करती है। यह गांव भारिया जनजाति का निवास स्थल है—एक ऐसी जनजाति, जिसके संरक्षण और विकास के लिए करोड़ों रुपये के विशेष पैकेज घोषित किए गए हैं।परंतु हकीकत यह है कि इस गांव में आज भी विकास की बुनियादी सुविधाएं नदारद हैं। सड़क, बिजली, पानी, स्कूल, आंगनबाड़ी जैसी मूलभूत जरूरतें यहां केवल कागजों में ही नजर आती हैं। गांव की भौगोलिक स्थिति इतनी विषम है कि यहां तक पहुंचना किसी चुनौती से कम नहीं।

### दम तोड़ती योजनाओं के बीच उम्मीद अभी बाकी है...

भगवान का शुक्र है कि अब तक इस पुल पर कोई बड़ी दुर्घटना नहीं हुई है, लेकिन कब तक किस्मत साथ देगी, यह कहना मुश्किल है। ग्रामीण आज भी उम्मीद लगाए बैठे हैं कि शासन-प्रशासन उनकी सुध लेगा और उनके जीवन में भी विकास की रोशनी पहुंचेगी। दौरिया पाठा आज भी एक सवाल बनकर खड़ा है क्या विकास केवल आंकड़ों और घोषणाओं तक सीमित रहेगा, या वास्तव में देश के अंतिम छोर तक पहुंचेगा? यह गांव केवल पातालकोट की नहीं, बल्कि पूरे सिस्टम की सच्चाई बयान करता है जहां योजनाएं तो बनती हैं, लेकिन जमीन तक पहुंचते-पहुंचते दम तोड़ देती हैं।

### योजनाएं कागजों में, आखिर कहां खर्च हुआ बजट

सरकार द्वारा भारिया जनजाति के विकास के लिए विशेष योजनाएं चलाई जा रही हैं प्रधानमंत्री आवास, सड़क, बिजली, पानी जैसी योजनाओं के लिए बजट आवंटित किया गया है। लेकिन सवाल यह उठता है कि ये करोड़ों रुपये आखिर कहां खर्च हो रहे हैं? दौरिया पाठा के ग्रामीण बताते हैं कि न तो यहां ग्राम सभा आयोजित होती है और न ही कोई अधिकारी इस गांव तक पहुंचा है। जनपद स्तर के अधिकारी भी इस क्षेत्र की वास्तविक स्थिति से अनभिज्ञ हैं या अनदेखी कर रहे हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि पातालकोट के विकास की वास्तविक तस्वीर को कहीं न कहीं दबाया जा रहा है।

### प्रशासन की अनदेखी या व्यवस्था की विफलता

यदि प्रशासन वास्तव में इस गांव का दौरा करे, तो उन्हें यहां विकास की असल तस्वीर देखने को मिलेगी। यह केवल एक गांव की कहानी नहीं, बल्कि उन तमाम दावों पर सवाल है, जो आदिवासी क्षेत्रों के समग्र विकास को लेकर किए जाते हैं। ग्रामीणों की मांग भी बहुत बड़ी नहीं है वे केवल इतना चाहते हैं कि लकड़ी के इस खतरनाक पुल की जगह एक मजबूत लोहे का पुल बना दिया जाए, ताकि उनका आवागमन सुरक्षित हो सके।

## खेतों में लगी भीषण आग, दमकल पहुंची

**न्यूटन वार्ड 3 में नदी के समीप स्तिथ पंप हाउस के पीछे लगे खेत में लगी आग**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| परासिया

न्यूटन वार्ड 3 में नदी के समीप स्तिथ पंप हाउस के पीछे लगे खेत में लगी आग तेज हवाओं के चलते इतनी फैली की फैलते - फैलते भीम सेन के पास जामुन झिरिया तक पहुंच गई । सूचना मिलने पर तहसीलदार भी पहुंची और दमकल वाहन भी पहुंचे । शार्ट सर्किट से आग लगना बताया जा रहा है । बुधवार दोपहर भीमसेन घाटी से लगा क्षेत्र धुंआ - धुआं हो गया । इस क्षेत्र से लगे खेतों में उठी भीषण आग की लपटों की चपेट खेतों में मौजूद मकान , अन्य सामग्री , रखी हुई फसल चपेट में आ गई । एक ट्रेक्टर की ट्रॉली में आग लगने से उसके दोनों टायर फूट गए और ट्रॉली बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई । खबर मिलने के बाद चांदामेटा , न्यूटन और परासिया के दमकल वाहन आग बुझाने पहुंचे । गनीमत है आग की चपेट में आए अधिकांश खेतों में गेहूं की फसल काटी जा चुकी थी । इस घटना में कोई भी जन हानि नहीं हुई हैं । आग फैलते हुए भीमसेन से लगी पहाड़ी और जंगल तक फेल गई । खबर लिखे जाने तक जंगल जलता दिखाई दे रहा था ।

### 24 घंटे दमकल वाहन तैयार रखने के निर्देश

खेतों में आग लगने की खबर मिलते ही तहसीलदार सुनैना ब्रह्मे राजस्व निरीक्षक (आर आई ) के साथ मौके पर पहुंची । एहतियात के तौर पर एम्बुलेंस भी बुलाई गई । तहसीलदार ने चारों निकायों को 24 घंटे दमकल वाहनों ( फायर ब्रिगेड ) तैयार रखने सम्बंधित निर्देश दिए और आदेश भी जारी किए । इसके अलावा आग को जंगल की ओर बढ़ता देखकर वन परिक्षेत्र अधिकारी को सूचना दी और कर्मचारी भेजकर स्तिथि पर नजर बनाएं रखने के निर्देश दिए ।

## टायर फटते ही बेकाबू कार, सड़क किनारे बंधी गाय की दर्दनाक मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| चौरई

चौरई के डुंगरिया गांव के पास हुआ हादसा, ग्रामीणों में आक्रोशछिंदवाड़ा जिले के चौरई क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डुंगरिया के पास बुधवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया, जिसमें एक बेकाबू कार ने सड़क किनारे बंधी गाय को टक्कर मार दी।

इस हादसे में गाय की मौके पर ही मौत हो गई, जिससे क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल बन गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार, कार छिंदवाड़ा से सिवनी की ओर जा रही थी। इसी दौरान अचानक वाहन का टायर फट गया, जिससे चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका। देखते ही देखते कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पहुंची और वहां बंधी गाय से जा टकराई।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर इतनी जोरदार थी कि गाय ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे में शामिल कार का नंबर MP50ZG2079 बताया जा रहा है। घटना के बाद आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में मौके पर इकट्ठा हो गए और नाराजगी जाहिर की।ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने के कारण इस तरह की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं।

## नवेगांव से लापता महिला की मिली लाश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| चौरई

छिंदवाड़ा जिले के चौरई क्षेत्र में उस समय सनसनी फैल गई जब 24 घंटे से अधिक समय से लापता 32 वर्षीय महिला कृष्णा वर्मा का शव छिंदवाड़ा बाईपास स्थित एक खेत में झाड़ियों के बीच मिला। महिला नवगांव की निवासी बताई जा रही है। इस घटना ने पूरे इलाके में भय और आक्रोश का माहौल पैदा कर दिया है। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि शव की तलाश पुलिस ने नहीं, बल्कि खुद परिजनों ने की। परिवार के एक दर्जन से अधिक लोग लगातार खोजबीन में जुटे रहे और अंततः उन्होंने ही शव को बरामद किया।

परिजनों का कहना है कि गुमशुदगी की सूचना लगातार पुलिस को दी जा रही थी, लेकिन पुलिस ने केवल औपचारिक रूप से मामला दर्ज कर लिया और सक्रियता नहीं दिखाई।परिवार ने चौरई थाना पुलिस पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि बार-बार थाने जाने के बावजूद थाना प्रभारी ने मामले को टालते हुए कहा—"आप खुद ढूंढ लो, मिल जाए तो हमें भी बता देना।" परिजनों का आरोप है कि यदि समय रहते पुलिस ने खोजबीन शुरू की होती, तो शायद कृष्णा वर्मा की जान बचाई जा सकती थी।

इतना ही नहीं, परिजनों ने यह भी आरोप लगाया कि शव मिलने की सूचना देने के बाद भी पुलिस मौके पर देर से पहुंची, जिससे लोगों में और अधिक नाराजगी फैल गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है और वे पुलिस प्रशासन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। फिलहाल, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि मामला हत्या का है या हादसे का। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा।

## ओम्कारेश्वर में आयोजित एकात्म पर्व में रजत की रंगोली बनी आकर्षण का केंद्र

**छिंदवाड़ा।** आदि गुरु शंकराचार्य के प्राकट्य दिवस के अवसर पर आचार्य शङ्कर सांस्कृतिक एकता न्यास, मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग द्वारा 5 दिवसीय आचार्य शङ्कर प्रकटोत्सव, एकात्म पर्व का आयोजन ओम्कारेश्वर मे किया गया जिसमें जिले के युवा कलाकार रजत गढ़ेवाल एवं इंदौर के पवन निषाद द्वारा आचार्य शंकर पर आधारित रंगोली बनाई गई । इस आयोजन पर रजत की रंगोली कला ने लोगों को बहुत प्रभावित किया। कार्यक्रम स्थल पर उनके द्वारा प्रतिदिन आदिगुरु शंकराचार्य के विभिन्न रूपों को रंगोली के माध्यम से दर्शाया गया। इस अवसर पर जूना अखाड़ा के वर्तमान आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी श्री अवधेशानंद गिरि जी द्वारा उनकी रंगोली को सराहा गया साथ ही आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास द्वारा उन्हें प्रशस्ति पत्र भेंट किया गया । इस आयोजन मे स्वामी परमात्मानंद सरस्वती,प्रबुद्धा नंद सरस्वती जी , श्रृंगेरी शंकराचार्य जी के पूज्यमाताजी पूज्यपिताजी, मुख्य मंत्री श्री मोहन यादव, संस्कृति मंत्री श्री धर्मेंद्र सिंह लोधी सहित 1500 शंकर दूत उपस्थित रहे।




## राशि निकालने में 11 पंच हो गए जरूरी, पहले नहीं था ऐसा

# पंचायत को डेढ़ करोड़ रुपए की राशि निकालने में आ रही भारी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुन्नारदेव

मात्र डेढ़ करोड़ रुपए की राशि निकालने में अब पंचायत को भारी परेशानी आ रही है ,क्योंकि अब राशि निकालना है, तो 11 पंच होना जरूरी ,जो पंचायत बैठक में अपनी सहमति प्रदान कर दे ,इसके बिना रुपया नहीं निकल पाएगा, जबकि पहले ऐसा नहीं था, पंचायत पहले ऐसे ही रुपया निकाल लेती थी ,किंतु बार-बार शिकायत होने समाचार पत्रों में बार बार समाचार छपने से मामला बिगड़ गया ,एवं जनपद जुन्नारदेव सीईओ रश्मि चौहान ने इस आशय का एक आदेश जारी कर दी, एवं आदेश की प्रति पंचायत से ले बैंक तक को दे दी।




पिछले 4 वर्षों के कार्यकाल में तीन से चार पंचों की चांदी हो गई। सनद रहे कि जिले के पश्चिमी अंचल में जनपद पंचायत जुन्नारदेव के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत पाला चौरई शुरू से विवादों में रही, इसके लिए पंचायत के सरपंच-सचिव पूर्ण रूप से दोषी है, पंचायत का जो 4 वर्षों का कार्यकाल जो व्यतीत हुआ ,उसमें पंचायत फंड में चार से पांच करोड रुपए की राशि पूर्ण रूप से व्यर्थ में बर्बाद हुई, इस तरह राशि यदि कोई निर्माण कार्य हुआ तो ,वह बेहद ही घटिया दर्जे के कुछ निर्माण कार्य हुए नहीं ,एवं निर्माण कार्य भले न किया हो ,पर पंचायत में एक नहीं दो दो बार राशि निकाल ली।

### पहले शिकायत का दौर नहीं था

गठित हुई पंचायत की और क्षेत्रीय जनों ने जरा भी ध्यान नहीं दिया ,इस बात के चलते पंचायत के हौसले बढ़ गए ,और घटिया निर्माण, बिना निर्माण के राशि निकाल ले, ना खरीदी बिक्री, साफ सफाई ,मोटर खरीदना सुधारवाना ,बिजली की सामग्री खरीदना आदि अन्य कार्यों में शासन से आई 4 - 5 करोड रुपए की राशि पूरी व्यर्थ में बर्बाद कर दी।

### जांच से पंचायत को नहीं पड़ता फर्क

पंचायत की जांच हो कोई आदेश निकले रिकवरी निकले इस बात से पंचायत को कोई फर्क नहीं पड़ता, यह प्रभावशाली एवं शक्तिशाली हैं ,इन्होंने जैसे 4 से 5 करोड रुपए निकाल कर खा गए, वैसे पंचायत में पड़े डेढ़ करोड़ रुपए की राशि भी निकाल खा जाएंगे ,उनके साथ शासन एवं अधिकारी दोनों है, पहले सरपंच- सचिव एवं तीन से चार पंच ऐसे करते थे, अब 7 से 8 पंच और जोड़ लेंगे एवं इन पंचों को भी मुंह मांगी रकम देंगे एवं पंचायत की बैठक में 11 पंचों से सहमति ले रुपया निकालने का काम शुरू कर देंगे।

### हुई शिकायतें समाचार पत्रों में छपा

पंचायत के अंदर हुआ, भ्रष्टाचार जब सामने आने लगा एवं पंचायत के पंच क्षेत्रीय जन एवं पत्रकारों को इस बात की जानकारी लगी ,उसके बाद न सिर्फ शिकायती हुई अपितू समाचार पत्र में छपने लगे।

### अधिकारी जागे जांच शुरू की

पंचायत में हुए भ्रष्टाचार जब सिर चढ़कर बोलने लगे फिर पंच एवं क्षेत्रीय जनों ने जहां शिकायतें करना शुरू की ,वहीं पत्रकारों ने समाचार छापना शुरू किया, इससे घमंडी एवं भ्रष्ट अधिकारी जागे एवं जांच शुरू की, तब पंचायत का भ्रष्टाचार सामने आया ,एवं रुपया निकालने पर जहां रोक लगी, वहीं पंचायत के सरपंच सचिव पर 8 लाख रुपए की रिकवरी निकाली।


**-: न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार जिला छिन्दवाड़ा :-**

**इश्तेहार**

**मौजा - झण्डा**
**तहसील छिन्दवाड़ा।**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि मौजा झण्डा पटवारी हल्का नम्बर 07 बन्दोबस्त नम्बर 208 राजस्व निरीक्षक मंडल छिन्दवाड़ा तहसील व जिला छिन्दवाड़ा में स्थित भूमि खसरा नम्बर 142/1 रकबा 2.083 हे0 भूमि जो कि सकीला बानो कुरैशी पिता गुलाबुद्दीन पति युसुफ कुरैशी के नाम पर दर्ज है की मृत्यु दिनांक 18/10/2025 को हो चुकी है। भूमिस्वामी के द्वारा अपने पुत्र मोमम्मद यूनुस कुरैशी पिता मोहम्मद कुरैशी निवासी प्लाट नम्बर 48 गुलशन बाई चौधरी मार्ग न्यू कालोनी मंगलवारी बाजार सदर नागपुर के पक्ष में दिनांक 06/02/2023 को वसीयत किया गया है जिसके आधार पर नामांतरण का अनुतोष चाहा गया है।

उपरोक्त आधार पर नामांतरण की कार्यवाही प्रस्तावित है जिस किसी व्यक्ति संस्थान को यदि कोई दावा आपत्ति हो तो वह स्वंय या अपने अभिभाषक के माध्यम से पेशी दिनांक 05/05/2026 को स्वंय या अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है नियत तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 17/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर के अधीन जारी किया गया।


**अतिरिक्त तहसीलदार**
**छिन्दवाड़ा नगर**

## मंगल कार्यालय के पास नहीं पार्किंग, प्रशासन ने कैसे दे दी एनओसी

# नियम, 'हवा', पार्किंग 'लापता', प्रशासन की खामोशी खोल रही पोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर





शहर में इन दिनों शादी-ब्याह की खुशियां आम राहगीरों के लिए मुसीबत का सबब बन गई हैं। शासन के नियमों को ठेंगा दिखाकर संचालित हो रहे मंगल कार्यालय (मैरिज गार्डन) अब यातायात व्यवस्था के लिए नासूर बन चुके हैं। बिना पार्किंग स्पेस के धड़ल्ले से चल रहे इन संस्थानों ने मुख्य सड़कों को बंधक बना लिया है, लेकिन कुंभकर्णी नींद में सोया प्रशासन सब कुछ जानकर भी अनजान बना बैठा है।

नगर के छिंदवाड़ा मार्ग, श्री छत्रपति शिवाजी महाराज चौक,बेरडी मार्ग, के अलावा अन्य स्थानों पर संचालित होने वाले मंगल कार्यालय में पार्किंग की कोई व्यवस्थाएं नहीं बनाई गई है जिसके चलते मंगल कार्यालय में संपन्न होने वाले कार्यक्रमों में आने वाले लोगों के द्वारा अपनी गाड़ियां नागपुर छिंदवाड़ा मार्ग या फिर लोगों के घरों के सामने खड़ी कर आवागमन को बाधित किया जा रहा है। स्थानीय पुलिस राजस्व एवं नपा प्रशासन को पूर्व में कई बार इसकी सूचनाओं दी जा चुकी है बावजूद इसके कार्रवाई शून्य है। शायद प्रशासन में बैठे हुए अधिकारियों एवं क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को मंगल कार्यालय के बाहर किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार है।

शहर के व्यस्ततम मार्गों पर स्थित मैरिज गार्डनों के बाहर का नजारा किसी 'कबाड़खाने' से कम नहीं होता। वैवाहिक आयोजनों के दौरान मेहमानों की गाड़ियां बेतरतीब ढंग से सड़कों पर पार्क कर दी जाती हैं। सड़क का एक बड़ा हिस्सा वाहनों के कब्जे में होने के कारण एम्बुलेंस और स्कूली बसों जैसे जरूरी वाहन भी रेंगने को मजबूर हैं। राहगीरों को अपनी जान जोखिम में डालकर इन वाहनों के बीच से निकलना पड़ता है। नियमों की मानें तो किसी भी सार्वजनिक आयोजन स्थल को अनुमति तभी मिलती है, जब उसके पास पर्याप्त पार्किंग क्षेत्र हो। लेकिन सौसर में तस्वीर इसके उलट है।

अधिक मुनाफे के चक्कर में मंगल कार्यालय संचालकों ने पूरे भूखंड पर निर्माण कर लिया है। बड़ा सवाल यह है कि आखिर प्रशासन ने बिना पार्किंग स्थल की जांच किए इन संस्थानों को एनओसी कैसे दे दी?

सड़कों पर वाहनों का अंबार लगा रहता है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी एसी कमरों से बाहर निकलकर चालानी कार्रवाई करने की जहमत नहीं उठा रहे है। क्या प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है? जब नियमों का उल्लंघन सरेआम सड़क पर दिख

### दुर्घटनाओं को दे रहे है हर दीन खुला निमंत्रण

रात के समय सड़कों पर खड़े ये वाहन अंधेरे में काल बन सकते हैं। पार्किंग न होने के कारण जाम की स्थिति निर्मित होती है, जिससे विवाद और दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। यदि प्रशासन ने जल्द ही इन मंगल कार्यालय संचालकों पर नकेल नहीं कसी और इनके लाइसेंस रद्द करने जैसी सख्त कार्रवाई नहीं की, तो सौसर की यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा जाएगी। अब देखना यह है कि जिला प्रशासन और स्थानीय निकाय केवल नोटिस का खेल खेलते हैं या धरातल पर कोई ठोस कार्रवाई करते हैं। फिलहाल प्रशासन में बैठे हुए अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के खिलाफ नगर वासियों का गुस्सा बढ़ता हुआ दिख रहा है।

## सिंगोड़ी बायपास पर मिला नर कंकाल, इलाके में हड़कंप



**सिंगोड़ी।** अमरवाड़ा थाना अंतर्गत सिंगोड़ी चौकी क्षेत्र के बाईपास पर नर कंकाल मिलने से सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची।चौकी प्रभारी पंकज राय ने बताया कि कंकाल को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएफएसएल की टीम भी मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि कंकाल किसका है और कितना पुराना है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फॉरेंसिक जांच के बाद ही मौत के कारणों और शिनाख्त को लेकर स्थिति साफ हो सकेगी। घटना के बाद से क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हैं। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।

## अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के कानूनों का उल्लंघन पर कार्यवाही की मांग, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



सामाजिककार्यकर्ता भगवान दिन साहू के नेतृत्व में बहुत से धार्मिक एव सामाजिक संगठनों ने आज महामहिम राष्ट्रपति और मुख्य न्यायाधीश सुप्रीम कोर्ट के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन देकर अन्तराष्ट्रिय मानव अधिकार आयोग के कानून का घोर उल्लंघन करने वालो पर कार्यवाही की मांग की।

ज्ञापन में बताया कि अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग की गाइडलाइंस है कि बिना किसी ठोस वजह के किसी भी देश की सरकार कोई भी स्कूल या अस्पताल नहीं हटा सकती । यह दिशानिर्देश गूगल पर भी सर्च किया जा सकता है । इस सम्बन्ध में बहुत से धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों ने 10 मार्च 2026 को विधि अनुरूप आपको प्रार्थना पत्र प्रेषित किया था । जिसमें जिक्र है कि संत शिरोमणि परम पूज्य आशारामजी बापू का मोटेरा अहमदाबाद आश्रम को जबरन हटाया जाने का नोटिस दिया जा रहा है। आश्रम प्रबंधन के पास उक्त जमीन के पूर्ण वैधानिक दस्तावेज उपलब्ध हैं । आवश्यक कार्यवाही की मांग की ज्ञापन देते समय आधुनिक चिंतक हरशूल रघुवंशी , राष्ट्रीय बजरंग दल के नितेश साहू , योग वेदांत सेवा समिति के अध्यक्ष मदन मोहन परसाई ,कुंबी समाज के मार्गदर्शक सुभाष इंगले , नमो नमो मोर्चा के जिला अध्यक्ष नितिन साहू , साहू समाज के प्रमुख ओमी साहू , कलार समाज के प्रमुख बबलू सूरज प्रसाद माहोरे , कुंबी समाज के युवा नेता अंकित ठाकरे ,पवार समाज के प्रमुख हेमराज पटले ,आई टी शेल के प्रभारी भूपेश पहाड़े , अश्विन पटेल ,ओमप्रकाश डहेरिया ,रामेश्वर कर्मवीर , ललिता घोगें ,विमल शेरके ,डॉ मीरा पराड़कर ,शकुंतला कराडे ,योगिता पराड़कर मौजूद रहे।

## वीरशैव लिंगायत समाज ने मनाई महात्मा बसवेश्वर जयंती

**सौंसर।** नगर के सिविल लाइन स्थित हनुमान मंदिर परिसर में वीरशैव लिंगायत समाज संगठन के तत्वावधान में जगतगुरु महात्मा बसवेश्वर महाराज की जयंती भव्य रूप में मनाई गई। भक्ति, सांस्कृतिक गरिमा और सामाजिक एकता के त्रिवेणी संगम के बीच आयोजित इस समारोह में समाजजनों का अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिला।कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ महात्मा बसवेश्वर महाराज के चित्र पर पूजन-अर्चन एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके उपरांत समाज के बच्चों और युवाओं द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने पूरे वातावरण को जीवंत बना दिया। वक्ताओं ने बसवेश्वर महाराज के 'कायकवे कैलास' (कार्य ही पूजा है) और सामाजिक समरसता के सिद्धांतों पर प्रकाश डाला। आयोजन को संबोधित करते हुए भीमाशंकर तुपकर,विकास बावरे ने कहा कि महात्मा बसवेश्वर महाराज के समतावादी विचार और मानव कल्याण का संदेश आज के आधुनिक युग में भी अत्यंत प्रासंगिक हैं।

## समाज के अंतिम छोर के पंक्ति को योजना का लाभ मिले- बंदेवार

### हितग्राही प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का लाभ लें - सुषमा गजभिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



CARD संस्था द्वारा संचालित प्रधानमंत्री कौशल केंद्र में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत Toy Maker, Cobbler एवं Barber ट्रेड की प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस योजना के तहत अब तक कुल 121 अभ्यर्थियों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है।प्रशिक्षण के दौरान अभ्यर्थियों को 5 दिवसीय बेसिक ट्रेनिंग दी गई, जिसमें उन्हें तकनीकी कौशल के साथ-साथ स्वरोजगार स्थापित करने, स्टार्टअप शुरू करने, व्यवसाय प्रबंधन एवं मार्केटिंग के महत्वपूर्ण गुर भी सिखाए गए।कार्यक्रम के दौरान मध्यप्रदेश केश शिल्पी मंडल बोर्ड के सदस्य दिनेश बंदेवार ट्रेनिंग सेंटर में उपस्थित हितग्राहियों से प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना से जुड़ी योजनाओं का अधिक लाभ लेने की अपील की ताकि लाभ लेने वाले का आर्थिक विकास हो सकें।NSDC की जिला समन्वयक सुषमा गजभिए ने बताया कि इस योजना में कि ट्रेनिंग लेने वाले हितग्राहियों को 7 दिन की ट्रेनिंग का प्रतिदिन 500 रुपए एवं आने जाने का किराया भी भी इस योजना के अंतर्गत मिलता है साथ ही ट्रेनिंग लेने के पश्चात हितग्राहियों को जिस भी योजना की ट्रेनिंग लेते हैं उसकी किट भी उन्हें प्राप्त होती है जो कि लगभग 15 हजार रुपए की होती है इसके साथ साथ आगे शासन की योजना मंशा अनुसार एडवांस ट्रेनिंग देने की योजना भी शामिल है।PMKK सेंटर मैनेजर शैलेश कश्यप उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अभ्यर्थियों को प्रोत्साहित किया तथा उनका मार्गदर्शन किया।इस अवसर पर प्रशिक्षण के दौरान आने वाली समस्याओं को समझकर उनका समाधान भी बताया गया।

## आउटसोर्स कर्मचारियों, भारतीय मजदूर संघ ने भरी हुंकार

**सौंसर।** भारतीय मजदूर संघ द्वारा मंगलवार को विभिन्न शासकीय विभागों में कार्यरत ठेका आउटसोर्स कर्मचारियों की लंबित मांगों और हितों को लेकर विशाल धरना प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम के अंत में मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपकर कर्मचारियों की सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की गई।प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने आउटसोर्स कर्मचारियों की दयनीय स्थिति पर चिंता व्यक्त की। ज्ञापन में समान कार्य-समान वेतन, नियमित कर्मचारियों की भांति कार्य करने वाले आउटसोर्स कर्मियों को भी समान वेतन दिया जाए। सभी कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से पेंशन का लाभ देने, कार्यस्थल पर सुरक्षा और अन्य बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता आदि शामिल था। विनय डोंगरे, प्रकाश मेश्राम प्रफुल ठाकरे,आनंद ठाकरे ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए एकजुट होकर संघर्ष करने का आह्वान किया।

## 11 माह 3 दिन के कार्यकाल के बाद सीईओ रामगोपाल यादव को भावभीनी विदाई, नवागत सीईओ अंकित सिंघाई का भव्य स्वागत

### जनप्रतिनिधियों ने किया सम्मान, जनपद पंचायत लांजी परिसर में आयोजित हुआ गरिमामय समारोह



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** जनपद पंचायत लांजी परिसर बुधवार को भावुक और उत्साहपूर्ण माहौल का केंद्र बना रहा। यहां स्थानांतरित मुख्य कार्यपालन अधिकारी रामगोपाल यादव को उनके 11 माह 3 दिन के कार्यकाल पूर्ण होने पर सम्मानपूर्वक विदाई दी गई, वहीं नवागत मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंकित सिंघाई का भव्य स्वागत किया गया। गौरतलब है कि अंकित सिंघाई ने 13 अप्रैल 2026 को जनपद पंचायत लांजी में पदभार ग्रहण किया था। समारोह में जनपद अध्यक्ष अर्चना देवेंद्र खोंगल, जनपद उपाध्यक्ष अजय अवसरे, सभापति दिनेश लांडे, सभापति रेवाराम कराटकरे, जनपद सदस्य महेंद्र पटले, जनपद सदस्य योगेश कुराहे, जनपद सदस्य श्यामलाल बेंद्रे, दुल्हापुर सरपंच ताराचंद कुचलाहे, सरपंच संघ अध्यक्ष ललित कबीरे, राम ठाकरे, पूर्व सरपंच लक्ष्मण कावरे तथा प्रभुशंकर भर्रे सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। इसके अलावा सचिव संघ, रोजगार सहायक संघ, सहायक सचिव संगठन तथा जनपद पंचायत के अधिकारी-कर्मचारियों ने भी दोनों अधिकारियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया।

अपने संबोधन में रामगोपाल यादव ने कहा कि लांजी में बिताया गया समय उनके प्रशासनिक जीवन का यादगार दौर रहेगा। उन्होंने कहा कि यहां जनप्रतिनिधियों, सरपंचों, सचिवों और कर्मचारियों का भरपूर सहयोग मिला, जिसके कारण विकास कार्यों को गति मिली। उन्होंने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सामूहिक प्रयासों से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

नवागत मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंकित सिंघाई ने अपने संबोधन में कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि पारदर्शिता, गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ विकास कार्यों को आगे बढ़ाया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में दोनों अधिकारियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह आत्मीयता, सम्मान और नई उम्मीदों के माहौल में संपन्न हुआ।

## भारतीय सर्वजन विकास पार्टी ने संतोष श्रीवास को सौंपी बड़ी जिम्मेदारी



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में सक्रियता को देखते हुए भारतीय सर्वजन विकास पार्टी ने बालाघाट जिले के लांजी निवासी संतोष श्रीवास को अहम जिम्मेदारी सौंपी है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय शर्मा द्वारा जारी नियुक्ति पत्र के अनुसार संतोष श्रीवास को संगठन विस्तार और पार्टी गतिविधियों को मजबूत करने के उद्देश्य से नियुक्त किया गया है। पार्टी ने संतोष श्रीवास पिता चरण लाल श्रीवास, निवासी वार्ड क्रमांक 13 सुंदर टोला रोड, लांजी को उनकी सामाजिक कार्यो में रुचि, राजनीतिक लगन और समाज के प्रति समर्पण को देखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी है। नियुक्ति 20 अप्रैल 2026 से प्रभावी मानी गई है।

पार्टी नेतृत्व ने स्पष्ट किया है कि संतोष श्रीवास को मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, उड़ीसा और छत्तीसगढ़ में संगठन विस्तार, प्रचार-प्रसार और कार्यकारिणी गठन से जुड़े कार्यो में सक्रिय भूमिका निभानी होगी। उन्हें पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने तथा अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोडऩे की जिम्मेदारी दी गई है। नियुक्ति पत्र में यह भी कहा गया है कि पार्टी के सक्रिय सदस्य वही माने जाएंगे जो 100 नए सदस्य जोड़ेंगे, जबकि पदाधिकारियों के लिए 1000 सदस्य जोडऩे का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। साथ ही विभिन्न राज्यों में नियमित बैठकें आयोजित करना भी अनिवार्य बताया गया है। संतोष श्रीवास की नियुक्ति के बाद उनके समर्थकों और शुभचिंतकों में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। स्थानीय लोगों ने उम्मीद जताई है कि वे नई जिम्मेदारी का सफलतापूर्वक निर्वहन करेंगे।

## समाधान योजना अंतर्गत वसूली अभियान जारी, विद्युत विभाग के अधिकारियों का सतत निरीक्षण





**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** मध्य प्रदेश विद्युत वितरण कंपनी, बालाघाट द्वारा संचालित समाधान योजना के अंतर्गत बकाया विद्युत देयों की वसूली हेतु पूर्व दिवसों की भांति दिनांक 21 अप्रैल को भी सघन अभियान चलाया गया। इस दौरान विभागीय अधिकारियों की टीम द्वारा विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण कर बकायादार उपभोक्ताओं से संपर्क स्थापित किया गया तथा उन्हें समाधान योजना के तहत उपलब्ध राहत का लाभ लेने प्रेरित किया गया।इसी क्रम में अधीक्षण अभियंता बालाघाट अमित कुमार, के मार्गदर्शन में तथा कार्यपालन अभियंता *श्री रवि कुमार कुम्हरे के द्वारा बालाघाट संभाग अंतर्गत वितरण केंद्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान समाधान योजना के अंतर्गत पी.डी. (स्थायी विच्छेदित) बकायादारों के स्थलों का भी अवलोकन किया गया। इसी प्रकार अधिकारियों द्वारा उपभोक्ताओं को समझाइश दी गई कि वे लंबित विद्युत बिलों का शीघ्र भुगतान कर योजना का लाभ उठाएं, जिससे अधिभार/सरचार्ज में छूट प्राप्त हो सके। इसके साथ ही, लगातार बकाया रखने वाले उपभोक्ताओं के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही किए जाने की चेतावनी भी दी गई। वही ग्राम बोलेगांव में उपभोक्ता से समाधान में बिल जमा करने हेतु संपर्क किया गया जिसमें 1277014554 टोटल rs 30992 उपभोक्ता द्वारा 2 दिन में जमा करने का आश्वासन भी दिया गया।

अधिकारियों ने बताया कि समाधान योजना का उद्देश्य उपभोक्ताओं को राहत प्रदान करना एवं विभाग की राजस्व वसूली को सुदृढ़ करना है। उन्होंने आमजन से अपील की है कि वे समय रहते अपने बकाया बिलों का भुगतान कर योजना का अधिकतम लाभ प्राप्त करें।

## लांजी में ABVP की पहलः 'जल मंदिर' शुरू, राहगीरों को मिलेगा शीतल पेयजल




**हरिभूमि न्यूज लांजी।** भीषण गर्मी के बीच समाज सेवा की भावना को साकार करते हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बालाघाट (ABVP) की लांजी इकाई ने 'सेवार्थ विद्यार्थी' गतिविधि के तहत नगर के प्रमुख चौराहे पर 'जल मंदिर' की स्थापना की है। इस पहल का उद्देश्य राहगीरों, श्रमिकों और आम नागरिकों को शुद्ध एवं शीतल पेयजल उपलब्ध कराना है।कार्यक्रम का शुभारंभ परिषद के पदाधिकारियों और विद्यार्थियों की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर नगर मंत्री ऋषभ रजक ने कहा कि भीषण गर्मी में पेयजल की व्यवस्था करना एक महत्वपूर्ण सेवा कार्य है, जो न केवल लोगों को राहत देता है बल्कि समाज में सहयोग और सेवा की भावना को भी सुदृढ़ करता है।कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला संगठन मंत्री राहुल विश्वकर्मा, जिला संयोजक आदित्य अग्रवाल उपस्थित रहे ।साथ ही हाविद्यालय प्रमुख ललित भरने, सह मंत्री जागृति शुक्ला, सोयांश अग्रवाल, राजा नागपुरे, रेशमी ऊरूडे तथा पूर्व प्रांत सह मंत्री उज्ज्वल श्रीवास्तव सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।'जल मंदिर' के माध्यम से पूरे दिन ठंडे पानी की सुविधा उपलब्ध रहेगी, जिससे राह चलते लोगों को प्यास बुझाने के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। परिषद के कार्यकर्ताओं ने बताया कि यह सेवा कार्य पूरे गर्मी के मौसम में निरंतर जारी रहेगा और पानी की स्वच्छता व नियमित उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी।इस अवसर पर स्थानीय नागरिकों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक कदम बताया।

### मोहित और दीपक को न्यायालय ने भेजा जेल

# जमीनों की खरीदी-ब्रिकी के नाम पर ठगी करने वाले

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



कटंगी, बालाघाट सहित पड़ोस के सिवनी जिले के कुछ एरिया में जमीन खरीदी-ब्रिकी के नाम पर लंबे समय से सीधे-साधे और नौकरीपेशा लोगों के साथ धोखाधड़ी करने वाले दो सगे भाई मोहित और दीपक श्रीवास को आखिरकार माननीय न्यायालय ने जेल भेज दिया है। दो दिनों की रिमांड खत्म होने के बाद पुलिस ने बुधवार को आरोपियों को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया। न्यायालय ने प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए सख्त रुख अपनाया और वार्ड क्रमांक 09 कटंगी निवासी दोनों सगे भाईयों को जेल भेज दिया है। दरअसल, जमीन के नाम पर धोखाधड़ी का यह मामला न केवल स्थानीय स्तर पर चर्चा का विषय बना था बल्कि समूचे बालाघाट जिले में इस पर सतत चर्चा हो रही है। इन आरोपियों को जेल की सजा होने के बाद प्लांटिग के नाम पर लोगों से धोखाधड़ी करने वाले अन्य लोगों में भी हड़कंप मचा हुआ है। मोहित और दीपक को पुलिस ने रविवार-सोमवार की दरम्यिनी रात्रि करीब डेढ़ बजे उनके घर से गिरफ्तार किया था। सोमवार को पुलिस ने दोनों को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया और पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 318 (4), 336 (3), 338, 3 (5) की कार्रवाई की है। 48 घंटे तक चली पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपियों को फिर न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। थाना प्रभारी धमेन्द्र कुसराम के अनुसार अभी पूछताछ पूरी नहीं हुई है इसलिए पुनः आरोपियों की रिमांड मांगी जाएगी।

खैर, कटंगी न्यायालय ने गंभीर आर्थिक मानते हुए आरोपियों को जेल भेज दिया है किंतु आरोपियों के पास जमानत के रास्ते बचे हुए है। पुलिस ने जिन धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्धb किया है। वह गैर-जमानती और संज्ञेय अपराध है किंतु आरोपियों को जमानत देना न्यायालय के विवेक और मामले की परिस्थितियों पर निर्भर है। मोहित और दीपक ने दर्जन भर से अधिक लोगों के साथ धोखाधड़ी की है। पुलिस ने संदीप बोपचे निवासी कालीमाठी, रहीम कुरैशी, आयशा खान और परवेज खान तीनों निवासी कटंगी की शिकायत पर आरोपी भाईयों पर अपराध दर्ज किया। आरोपियों ने प.ह.न. 27 खसरा नंबर 179/6/1 की जमीन दिखाकर खरीदी-ब्रिकी का सौदा किया। जबकि यह जमीन आरोपियों के नाम नहीं थी। इसी प्रकार आरोपियों ने और भी कई लोगों के साथ धोखाधड़ी की है जिसकी लिखित शिकायत पुलिस को मिली है। पुलिस इन शिकायतों पर भी जांच कर रही है। मोहित और दीपक के खिलाफ करीब दो वर्षो से लगातार पुलिस के पास ठगी की शिकायत हो रही थी। पुलिस जांच में काफी सुस्ती बरत रही थी ऐसे में पीड़ितों ने सीए हेल्पलाइन में एक के बाद एक लगातार शिकायतें की आखिरकार पुलिस की जांच में तेजी आई और पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में ले लिया।

## पोषण पखवाड़ा के तहत आंगनवाड़ी केंद्र में पोषण शिविर आयोजित

**बालाघाट।** मध्यप्रदेश शासन आयुष विभाग के परिपालन में चल रहे राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम (09 अप्रैल 2026 से 23 अप्रैल 2026) के अंतर्गत आज दिनांक 22 अप्रैल 2026 को आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 22 में पोषण शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला आयुष अधिकारी डॉ. मिलिंद चौधरी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। शिविर में आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपाली चौके द्वारा 0 से 3 वर्ष तक के बच्चों के मस्तिष्क विकास हेतु प्रारंभिक संवर्धन गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने अभिभावकों को बच्चों के मानसिक एवं संज्ञानात्मक विकास के विभिन्न पहलुओं पर मार्गदर्शन प्रदान किया। इसके साथ ही 3 से 6 वर्ष के बच्चों के लिए खेल आधारित शिक्षण गतिविधियों पर विशेष जोर दिया गया। अभिभावकों को घर-आधारित देखभाल एवं खेल के माध्यम से बच्चों के समग्र विकास को बढ़ावा देने के उपाय बताए गए।

## खबर संक्षेप

### मारुति कार अनियंत्रित होकर पलटी

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिवनी में मंगलवार देर रात एक सड़क हादसा हुआ। मामला जिले के घंसौर थाना क्षेत्र के चंडाल भाटा का है। जहां एक मारुति XL6 कार अनियंत्रित होकर पलट गई, जिसमें चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार, मारुति XL6 वाहन घंसौर से बरगी की ओर जा रहा था। चंडाल भाटा के पास अचानक वाहन का टायर फट गया, जिससे चालक का नियंत्रण बिगड़ गया। तेज रफ्तार कार सड़क पर पलट गई और बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।घायल चालक की पहचान बरगांव निवासी दीपेश तिवारी (22) के रूप में हुई है। दुर्घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने घायल को कार से बाहर निकाला और तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही घंसौर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस द्वारा आवश्यक कार्रवाई करते हुए दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है। प्रारंभिक जांच में टायर फटना ही हादसे का मुख्य कारण बताया जा रहा है। घंसौर थाना प्रभारी लक्ष्मण झारिया ने बताया कि उन्हें कार पलटने से एक युवक के घायल होने की सूचना मिली थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### नेशनल लोक अदालत 9 मई को

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** शनिवार 09 मई 2026 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय सिवनी, तहसील न्यायालय लखनादौन एवं व्यवहार न्यायालय केवलारी, छपारा एवं घंसौर में किया जाएगा। आयोजित नेशनल लोक अदालत में लंबित समझौते योग्य आपराधिक प्रकरण, समस्त प्रकार के दीवानी प्रकरण, पारिवारिक विवाद, चेक बाउंस प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, विद्युत संबंधी मामले तथा बैंक ऋण वसूली एवं जलकर वसूली के पूर्ववाद प्रकरणों का आपसी सहमति एवं समझौते के आधार पर निराकरण किया जाएगा। आमजन एवं पक्षकारों से अपील की गई है कि वे नेशनल लोक अदालत का लाभ उठाते हुए अपने प्रकरणों का निराकरण आपसी समझौते से कराएं, जिससे समय एवं धन दोनों की बचत हो सके।

### पोषण पखवाड़ाः आंगनवाड़ी केंद्रों में आयुष स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना के निर्देशन एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ. यशवंत माथुर के मार्गदर्शन में जिले में पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत विभिन्न आंगनवाड़ी केंद्रों में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया। इसी क्रम में आंगनवाड़ी केंद्र बींझावाड़ा, सीलघाट एवं बम्हनी में आयोजित शिविरों में आयुष विभाग द्वारा धात्री माताओं, गर्भवती महिलाओं, शिशुओं एवं बालक-बालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा आवश्यकता अनुसार आयुर्वेद एवं होम्योपैथी औषधियों का वितरण किया गया।
शिविरों में आयुर्वेद के अनुसार कुपोषण दूर करने हेतु प्राकृतिक एवं पौष्टिक आहार के महत्व पर विशेष रूप से जानकारी दी गई। साथ ही गर्भवती महिलाओं को संतुलित आहार, उचित देखभाल एवं स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक सावधानियों के बारे में भी जागरूक किया गया। बम्हनी केंद्र में होम्योपैथी के माध्यम से कुपोषण प्रबंधन की उपयोगिता पर भी विस्तार से जानकारी दी गई। आयुष विभाग द्वारा आयोजित इन शिविरों का उद्देश्य समुदाय में पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को सुदृढ़ करना है।

# जल संकट को देखते हुये पुलिस द्वारा की गई बोरवेल मशीन जप्त

**सिवनी। पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता द्वारा अवैध गतिविधियों के खिलाफ सख्त है जो श्रीमान के नेतृत्व में समय-समय पर कोतवाली पुलिस द्वारा कार्यवाही जा रही जो एएसपी दीपक मिश्रा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सिवनी सचिन परते के मार्गदर्शन दिनांक 20/04/2026 को कोतवाली पुलिस द्वारा अवैध रूप से नलकूप खनन किये जाने पर कार्यवाही की गई है।**

## बिना अनुमति बोरवेल कर रहे आरोपियों पर कार्यवाही



जिला दण्डाधिकारी महोदय सिवनी द्वारा संम्पूर्ण जिले को जल अभावग्रस्त अपने आदेश दिनांक 15/03/2026 के द्वारा घोषित किया गया है कि कोई भी व्यक्ति बिना सक्षम अनुमति के नलकूप खनन नहीं करेगा। विगत दिनांक 19/04/2026 की रात्री करीब 01.00 बजे सूचना मिली की अभिननंदन नगर सिवनी में अनुराग रजक पिता राधेश्याम रजक उम्र 24 साल निवासी अभिननंदन नगर मानेगांव रोड सिवनी व्दारा अपने मकान में वाहन क्र. टीएन 28 एयू 7410 के चालक ए. सुरेश निवासी तमिलनाडू के द्वारा बोरवेल कराया जा रहा है सूचना की तस्दीक की गई मौके पर मकान मालिक द्वारा बिना कलेक्टर या कलेक्टर द्वारा प्राधिकृत अधिकारी की अनुज्ञा के बिना बोरिंग मशीन से अपने घर में बोर कराते मिला।
जिला दण्डाधिकारी महोदय सिवनी के आदेश का उलघन्न करना पाया गया। आरोपी मकान मालिक अनुराग रजक एवं चोरिंग मशीन चालक का कृत्य धारा 223 (बी).3(5) बी.एन.एस. धारा 3/9,4/9 मध्यप्रदेश पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 यथा संशोधित 2002 का घटित करना पाया जाने से मौके पर बोरवेल मशीन को जप्त किया गया। तथा आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही की गई। जप्ती मे बोरवेल मशीन ट्रक क्र. टीएन 28 एयू 7410।
आरोपी मे अनुराग रजक पिता राधेश्याम रजक उम्न 24 साल निवासी अभिननंदन नगर मानेगांव रोड सिवनी, चालक ए. सुरेश पिता आरमुगम उम्र 49 साल निवासी माधव नगर बडबल्ली जिला कोयम्बटूर तमिलनाडू।
उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक सतीश तिवारी, उनि राजेश शर्मा, आर. प्रदीप चौधरी सुधीर डेहरिया, विनय सेंगर की विशेष भूमिका रहीं हैं।

# पति ने अपनी पत्नी को उसके प्रेमी के साथ रहने की इजाजत दे दी

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

सिवनी जिले के केवलारी थाना क्षेत्र में एक अलग तरह का मामला सामने आया है। यहां एक पति ने अपनी पत्नी को उसके प्रेमी के साथ रहने की इजाजत दे दी। यह पूरा मामला पुलिस थाने में बातचीत के बाद सुलझा। जानकारी के अनुसार, युवक की शादी अप्रैल 2024 में हुई थी। शुरुआत के करीब छह महीने तक सब कुछ सामान्य रहा, लेकिन इसके बाद पत्नी की नजदीकियां गांव के ही एक अन्य युवक से बढ़ने लगीं। पत्नी को कई बार की समझाने की कोशिश पति ने बताया कि पत्नी अक्सर फोन पर बात करती थी और उस युवक से मिलती भी थी। उसने कई बार पत्नी को समझाने की कोशिश की, लेकिन कोई असर नहीं हुआ। 17 अप्रैल को महिला घर छोड़कर सीधे केवलारी थाने पहुंच गई। वहां उसने लिखित में बताया कि वह दूसरे युवक से प्रेम करती है और उसी के साथ रहना चाहती है।मामले को देखते हुए थाना प्रभारी प्रीतम सिंह तिलगाम ने तीनों पक्षों को बुलाकर बातचीत कराई। परिवार के लोग और समाज के बुजुर्गों ने भी महिला को समझाया, लेकिन वह अपने फैसले पर कायम रही। लंबी चर्चा के बाद पति ने हालात को स्वीकार करते हुए लिखित में सहमति दी कि वह अपनी पत्नी को उसके प्रेमी के साथ जाने की अनुमति देता है। वहीं प्रेमी ने भी लिखित आश्वासन दिया कि वह महिला को पत्नी के रूप में अपनाएगा और उसकी जिम्मेदारी उठाएगा। पुलिस ने तीनों को आगे की प्रक्रिया के लिए कोर्ट के जरिए तलाक और पुनर्विवाह करने की सलाह दी है।

# वैवाहिक सीजन में मुख्य मार्ग बंद होने से लोग खासे परेशान

**छपारा - नगर परिषद छपारा द्वारा विगत दिनों भगत सिंह वार्ड अंतर्गत पुराना थाने के सामने स्थित जर्जर लगभग पचास वर्ष पुरानी पानी की टंकी को ध्वस्त करने की कार्रवाई बुधवार 15 अप्रैल से जारी है,**



जिसको लेकर नगर परिषद के जिम्मेदार द्वारा तीन दिन का समय बताकर मुख्य मार्ग बंद कर दिया गया था,किन्तु लगभग एक सप्ताह बीतने बाद भी टंकी गिराने का काम खत्म नहीं हो पाया जिसके चलते बाजार जाने वाला मुख्य मार्ग पूरी तरह बंद है। वहीं इस समय चल रहे वैवाहिक सीजन नगर सहित जो लोग दूर दराज के क्षेत्रों से आ रहे खासे परेशान हैं चूंकि इनको घूमकर जाना पड़ रहा है वहीं परिषद द्वारा कोई परिवर्तित मार्ग का सूचना बोर्ड भी नहीं लगाया गया है।
वहीं लंबे समय से यह टंकी क्षेत्रवासियों के लिए खतरा बनी हुई थी और इसे हटाने की मांग समय समय पर लगातार उठ रही थी। इसी वजह से जब इसे गिराने का काम शुरू हुआ तो लोगों ने नगर परिषद की इस कार्यवाही की तारीफ भी की थी किंतु जिस हिसाब से इसे गिराने का काम धीमी गति से चल रहा है वह अब लोगों की समस्या का कारण बन रहा है।
साथ ही शायद इस कार्रवाई से अब क्षेत्र में नाली निर्माण का मार्ग प्रशस्त होगा, साथ ही मुख्य मार्ग के चौड़ीकरण की दिशा में भी सुधार की उम्मीद जताई जा रही है।
क्या अवैध व्यावसायिक परिसर पर भी कसेगा शिकंजा
वहीं देखने में आया कि उक्त पुरानी जर्जर टंकी के समीप शासकीय भूमि पर बने व्यावसायिक कमरों के परिसर को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। इन कमरों के कारण हमेशा आवागमन में बाधा उत्पन्न होती है। नगर परिषद द्वारा उक्त परिसर के दस्तावेजों की जांच की जा रही है। यदि यह निर्माण अवैध पाया जाता है, तो इसे भी हटाने की कार्रवाई क्या नगर परिषद द्वारा कि जा सकती है। हालांकि टंकी की तोडऩे की कार्यवाही से अवैध शॉपिंग

# उगली गोरखपुर के बीच उच्चस्तरीय पुल की मांग

**विधानसभा केवलारी अंतर्गत उप तहसील उगली के निकट ग्राम पंचायत खामी के गोरखपुर ग्राम में आपदा को लेकर ग्रामीणों को लेकर प्रस्फुटन समीती और ग्रामीणों ने दिया संदेश। इसमें सरकार से आपदा प्रबंधन की अपेक्षा करते हुए पीड़ित ग्रामीणों ने उगली से गोरखपुर मार्ग के मध्य नाले में उच्च स्तरीय पुल की मांग की है।**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

ग्राम वासियों का कहना है कि हमारा गांव निकट ग्राम सारसडोल,खामी और उगली से जुड़ा हुआ है,इसके बाद निकट जिले मंडला और बालाघाट की सरहद लगी हुई है, निकट से जिले की मोक्षदायनी मां बैन गंगा भी प्रवाहित होती है, हल्की सी बरसात आने पर इस उगली से गोरखपुर मार्ग के बीच एक नाला प्रभावित होता है, जिसमें रपटा बना हुआ है, जरा सी बरसात में यह जलमग्न हो जाता है,और इस स्थिति में आवागमन अवरुद्ध हो जाता है, जिससे सीधे तौर पर स्कूली छात्र-छात्राओं को एक,दो,चार पांच दिन जब तक नाला खाली नहीं होता स्कूल जाने से वंचित रहना पड़ता है, गोरखपुर गांव टापू में तब्दील हो जाता है,चारों तरफ जलप्लावन की स्थिति बनी रहती है, ऐसे में सीधा संपर्क उगली मुख्यालय से भी टूट जाता है,जिसको लेकर सरकार से माननीय जिला कलेक्टर महोदय को इस और ध्यान आकर्षित करना चाहिए शीघ्र इस मार्ग पर उच्च स्तरीय पुल का निर्माण होना चाहिए जिससे आवागमन तो सुलभ होगा ही विकास के द्वारा भी खुलेंगे,निकट प्रवाहित वैनगंगा नदी जो सीधे तौर पर नैनपुर से जुड़ सकती है, इस पर भी यदि राज्य और केंद्र की सरकार अपना ध्यान आकर्षित करें तो यह मार्ग भी सीधा उगली से नैनपुर या यू कहें की सीधा सिवनी से मंडला जुड़ जाएगा भविष्य में विकास को देखते हुए

# पृथ्वी संरक्षण हेतु नुक्काड़ नाटक के माध्यरम से लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया गया




**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** डी.पी.सी. रोल मॉडल एक्सीलेंस स्कूल, सिवनी द्वारा पृथ्वी दिवस पर पृथ्वी संरक्षण के प्रति जनजागरूकता फैलाने हेतु एक प्रेरणादायक पहल करते हुए शहर के सभी प्रमुख चौराहों पर छात्रों के माध्यम से नुक्कड़ नाटकों का आयोजन 8 चौराहों पर किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य आमजन को पृथ्वी संरक्षण के साथ साथ पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, वृक्षारोपण, प्लास्टिक मुक्त जीवनशैली एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक करना था। छात्रों ने अपने प्रभावशाली अभिनय, संवाद और संदेशों के माध्यम से उपस्थित नागरिकों का ध्यान आकर्षित किया और उन्हें पर्यावरण एवं पृथ्वीध संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझने के लिए प्रेरित किया।
इस आयोजन को शहरवासियों से अत्यंत सकारात्मक प्रतिक्रिया प्राप्त हुई। विभिन्न वर्गों के लोगों ने छात्रों के इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे समय की आवश्यकता बताया। कई नागरिकों ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम समाज में जागरूकता लाने का एक सशक्त माध्यम हैं, जिससे सीधे तौर पर जनमानस प्रभावित होता है।
डी.पी.सी. रोल मॉडल एक्सीजलेंस स्कूोल के छात्रों की यह पहल सराहनीय है। डी.पी.सी. रोल मॉडल एक्सीलेंस स्कूल, जो कि सिवनी का एक अग्रणी शैक्षणिक संस्थान है, शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक एवं नैतिक मूल्यों के विकास पर विशेष बल देता है। संस्था द्वारा समय-समय पर पर्यावरण, स्वास्थ्य, स्वच्छता, शिक्षा एवं अन्य जनहित से जुड़े विषयों पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिससे छात्रों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित होता है। नुक्कड़ नाटक जैसे सृजनात्मक माध्यम के जरिए छात्रों को समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का बोध कराया जाता है और उनमें नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास तथा अभिव्यक्ति कौशल का विकास होता है। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. के.के. चतुर्वेदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि वर्तमान समय में पृथ्वी का लगातार हो रहा दोहन, प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध उपयोग, बढ़ता प्रदूषण तथा वैश्विक स्तर पर हो रहे संघर्षों के कारण पर्यावरण का संतुलन तेजी से बिगड़ रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मानव समाज ने समय रहते अपनी जीवनशैली में परिवर्तन नहीं किया और पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता नहीं दी।

# कलेक्टर ने शासकीय हाईस्कूल को सम्मानित किया

## शत प्रतिशत सफलता का सफलतम प्रयास





हरिभूमि न्यूज केवलारी।

सिवनी की नवनियुक्त डीएम नेहा मीणा को सिवनी मे आये हुए ज्यादा दिन भी नही बीते है ओर संवेदनशीलता, कर्तव्य पारायणता के लिये चर्चा मे आ गयी ।कलेक्टर के ज्वानिंग के साथ साथ माध्यमिक शिक्षा मंडल के दसवीं बारहवीं के घोषित हुए परीक्षा परिणाम मे मध्य के टाप पोजीशन मे केवलारी की खुशी राजपूत ओर छींदा का देवेंद्र दास बैरागी चोथे पांचवे पायदान पर परचम लहराकर केवलारी का ध्वज लहराया, उससे भी हटकर जब पुरी कक्षा ही टाप करे तो सम्मान करना जरूरी है।हम बात कर रहे है शासकीय हाईस्कूल खरसारू विकास खंड केवलारी के जहां पर पदस्थ प्राचार्य जगदीश साहू के कुशल शिक्षण व्यवस्था और शाला के शिक्षक हेमन्त कुमार शेण्डे ,दशरथ प्रसाद धुर्वे, संतकुमार उट्टे, श्रीमति खेलवंती वट्टी,सोनम जंघेला, कु रोशनी शरणागत, श्री जीवन कुमार जैन के परिश्रम से शाला का परिणाम 100 रहा ।जैसा कि सर्वविदित हे समीपस्थ ग्राम-खरसारू में दिनांक15.04.2026 को घोषित परीक्षा परिणाम में शासकीय हाई स्कूल खरसारु के कक्षा 10वीं के सभी छात्रों ने सफलता प्राप्त की।शाला में दर्ज 30 छात्रों में से 30 छात्रों ने उच्चतम अंक के साथ सफलता प्राप्त किया।छात्र अंकुश सारिया ने 96.61. अंक प्राप्त कर शाला में प्रथम स्थान प्राप्त किया, द्वितीय स्थान पर छात्रा मेघना यादव ने 96.2त्न अंक प्राप्त किये,कार्तिक बंदेवार ने 90त्न अंक हासिल किये।शाला के 26 छात्रों ने प्रथम श्रेणी एवं 4छात्रों ने द्वितीय श्रेणी प्राप्त की। कलेक्टर नेहा मीणा ने जगदीश साहू प्राचार्य को शाल पहनाकर सर्वश्रेष्ठ परिणाम के लिये शुभकामना देते हुये ऐसी ही अपेक्षा सभी शिक्षकों से की है ओर कलेक्टर ने आश्वस्त किया कि शिक्षा के क्षेत्र मे अभी ओर नये नवाचार करना है।

# जनगणना 2027: प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण जारी

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

जनगणना 2027 के प्रथम चरण के सफल क्रियान्वयन हेतु जिले में प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण निरंतर जारी है। इसी क्रम में जनगणना कार्य निदेशालय म.प्र. से नियुक्त जिला जनगणना प्रभारी श्री शिवम श्रीवास्तव द्वारा तहसील कुरई में तैयारियों का निरीक्षण किया गया।
निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्व-गणना के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को जनगणना से जोडऩे पर विशेष जोर दिया। साथ ही फील्ड कार्य प्रारंभ होने से पूर्व आवश्यक तैयारियों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी तथा प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों को अपनी जिम्मेदारियों का गंभीरता से निर्वहन करने के निर्देश दिए।
उन्होंने नजरी नक्शा तैयार करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए तथा जनगणना ऐप के उपयोग की बारीकियों को समझने के लिए भी प्रेरित किया।
जिले के अन्य चार्ज क्षेत्रों में भी प्रशिक्षण कार्यक्रम निरंतर संचालित किए जा रहे हैं। प्रशिक्षण के उपरांत सभी प्रतिभागियों द्वारा सेवा भाव एवं निष्ठा के साथ कार्य करने की प्रतिज्ञा ली गई।

## नेशनल लोक अदालत में लंबित प्रकरणों के निराकरण संबंधी बैठक संपन्न

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** अधीक्षण अभियंता पी.के. गेडाम एवं कार्यपालन अभियंता, सुभाष राय द्वारा 9 मई 2026 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के संबंध में विशेष न्यायाधीश (विद्युत) से सौजन्य भेंट कर नेशनल लोक अदालत के आयोजन एवं अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।
सिवनी संभाग अंतर्गत न्यायालय में कुल 203 प्रकरण लंबित हैं, जिनमें सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत की छूट तथा 16 प्रतिशत चक्रवृद्धि ब्याज में भी छूट प्रदान की जाएगी। इस प्रकार प्री-लिटिगेशन के 4645 प्रकरण लंबित हैं, जिनका निराकरण 9 मई 2026 को आयोजित लोक अदालत में किया जाएगा। इन प्रकरणों में सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत की छूट एवं इस पर लगने वाले 16 प्रतिशत चक्रवृद्धि ब्याज पर 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। बैठक में विशेष न्यायाधीश द्वारा निर्देशित किया गया कि अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण लोक अदालत के माध्यम से सुनिश्चित किया जाए, ताकि विद्युत उपभोक्ताओं को इस अवसर का अधिकतम लाभ मिल सके। अधीक्षण अभियंता पी.के. गेडाम ने बताया कि नेशनल लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु सभी वितरण केंद्र प्रभारियों को निर्देशित किया जा चुका है। विभागीय वाहनों के माध्यम से अनाउंसमेंट किया जा रहा है तथा ग्रामों में मुनादी कराई जा रही है। साथ ही सभी प्रकरणों के नोटिस तैयार कर तामील कराए जा रहे हैं तथा उनकी प्राप्ति की नियमित मॉनिटरिंग संभाग स्तर से की जा रही है।

# खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा ढाबों से खाद्य पदार्थो के लिए गये नमूने, सुधार के निर्देश जारी

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना के निर्देशानुसार एवं डॉ. जयपाल सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग द्वारा आज कुरई एवं खवासा क्षेत्र में निरीक्षण कार्यवाही की गई।
निरीक्षण के दौरान कुरई स्थित हिमांशु ढाबा से समोसे का नमूना जांच हेतु लिया गया। साथ ही परिसर में अस्वच्छता एवं अत्यधिक गर्मी के दौरान खाद्य पदार्थों के उचित रखरखाव न पाए जाने पर संबंधित खाद्य व्यवसायी को सुधार (इम्प्रूवमेंट) नोटिस जारी किया गया। इसी क्रम में खवासा स्थित जायसवाल ढाबा से भी समोसे का नमूना जांच के लिए संग्रहित किया गया। होटल परिसर में लस्सी एवं जलजीरा का विक्रय कर रहे फुटकर विक्रेताओं को गर्मी के मौसम में खाद्य सामग्री के सुरक्षित एवं स्वच्छ रखरखाव के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए। जायसवाल ढाबा में अस्वच्छ परिस्थितियों में खाद्य सामग्री के निर्माण एवं भंडारण पाए जाने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा 32 के अंतर्गत सुधार सूचना पत्र जारी किया गया।
खाद्य सुरक्षा विभाग ने सभी खाद्य कारोबारियों से अपील की है कि वे गर्मी के मौसम में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें, ताकि आमजन को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध हो सके।

## कलेक्टर ने संकुल प्राचार्यों की बैठक लेकर शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार के दिए निर्देश

# शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चे हमारी जिम्मेदारी, उनका बेहतर भविष्य सुनिश्चित करना हम सभी का दायित्व- कलेक्टर श्रीमती मीना

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना ने मंगलवार को जनजातीय कार्य विभाग एवं शिक्षा विभाग के सभी संकुल प्राचार्यों की संयुक्त समीक्षा बैठक लेकर जिले में शैक्षणिक गुणवत्ता सुधार को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।
उन्होंने कहा कि शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चे हमारी जिम्मेदारी हैं और उनका बेहतर भविष्य सुनिश्चित करना हम सभी का दायित्व है। बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सही मार्गदर्शन और अनुकूल वातावरण मिले, इसके लिए सभी अधिकारी-शिक्षक संवेदनशीलता के साथ कार्य करें। कलेक्टर श्रीमती मीना ने वर्ष 2027 के बोर्ड परीक्षा परिणाम में सिवनी जिले को प्रदेश के शीर्ष 05 जिलों में शामिल करने का लक्ष्य निर्धारित करते हुए इसे जन-अभियान के रूप में संचालित करने पर बल दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि बीईओ एवं बीआरसी मैदानी स्तर पर सक्रिय रहकर निरंतर मॉनिटरिंग करें और प्रत्येक स्कूल की प्रगति पर नजर रखें। कलेक्टर श्रीमती मीना ने बैठक में कक्षा 10वीं एवं 12वीं के बोर्ड परीक्षा परिणामों की गहन समीक्षा की। साथ ही विभागवार एवं विकासखंडवार संचालित शैक्षणिक संस्थाओं, सांदीपनि विद्यालयों, छात्रावासों एवं आवासीय विद्यालयों की स्थिति का भी मूल्यांकन किया गया। कलेक्टर श्रीमती मीना ने कम परीक्षा परिणाम वाले विद्यालयों के प्राचार्यों से सीधे संवाद कर उनकी कमियों को समझा और सुधार हेतु स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने दसवीं के 45 प्रतिशत से कम परीक्षा परिणामों वाले शासकीय विद्यालय पिंडरई, मढी, शासकीय तिलक स्कूल सिवनी, आदेगांव, ग्वारी, खखरिया, चिरचिरा, बोथिया, मउ तथा परासिया के प्राचार्यों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। इसी तरह कक्षा बारहवीं में कम परीक्षा परिणाम वाले उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मढी, खखरिया के साथ ही सांदीपनि विद्यालय धनौरा के प्राचार्यों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। साथ ही बैठक में अनुपस्थित एकलव्य विद्यालय के प्राचार्य के विरुद्ध भी नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। वहीं, शत-प्रतिशत एवं विगत वर्ष की तुलना में बेहतर परीक्षा परिणाम देने वाले प्राचार्यों के प्रयासों की सराहना करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्राचार्यों को साल श्रीफल देकर सम्मानित किया गया।
कलेक्टर श्रीमती मीना ने अनुत्तीर्ण एवं श्रेणी सुधार हेतु आयोजित होने वाली विशेष परीक्षा के संबंध में भी निर्देश दिए हैं कि सभी पात्र विद्यार्थियों के शत-प्रतिशत फॉर्म भरवाए जाऐं साथ ही ऐसे बच्चों के लिए विशेष रिमेडियल कक्षाएं संचालित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती मीना ने कक्षावार नामांकन की समीक्षा करते हुए ड्रॉपआउट रोकने को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बच्चों और उनके अभिभावकों से सतत संपर्क कर उन्हें पुनः विद्यालय से जोड़ा जाए तथा छात्रावासों में शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित किया जाए।

# बिरसा बीएमओ की डिग्री अब जांच के घेरे में

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट के बिरसा में पदस्थ बीएमओ डॉ. सुनील कुमार सिंह की डॉक्टरी की डिग्री को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। स्वास्थ्य विभाग अब इस बात की पड़ताल कर रहा है कि उनकी डिग्री असली है या नहीं। इस मामले की जांच के लिए मध्य प्रदेश मेडिकल काउंसिल को पत्र लिखा गया है।

यह मामला तब उलझ गया जब पता चला कि मध्य प्रदेश में एक ही नाम के दो डॉक्टर सेवाएं दे रहे हैं। एक बालाघाट के बिरसा में बीएमओ हैं और दूसरे देवास के अस्पताल में पदस्थ हैं। अब स्वास्थ्य विभाग यह पता लगाने में जुटा है कि इनमें से किसकी डिग्री असली है और किसने फर्जी दस्तावेजों का सहारा लिया है।

डॉ. सुनील कुमार सिंह ने साल 2008 में संविदा डॉक्टर के तौर पर बालाघाट में काम शुरू किया था और 2012 में वे पक्के हो गए। उनके खिलाफ पहली बार 2017-18 में शिकायत हुई थी, तब उन्हें हटाने के आदेश भी दिए गए थे। लेकिन वे कोर्ट चले गए और तबादले से राहत लेकर बिरसा में ही टिके रहे। हैरानी की बात यह है कि विभाग को यह नहीं पता कि पिछली जांच में क्या निकला था।

वर्तमान सीएमएचओ डॉ. परेश उपलप ने बताया कि इससे पहले रीवा मेडिकल कॉलेज से जानकारी मांगी गई थी, जिसने डॉ. सुनील कुमार के एमबीबीएस पास होने की पुष्टि की थी। लेकिन अब दो डॉक्टरों का पेच फंसने के बाद उन्होंने मेडिकल काउंसिल से मदद मांगी है। इस पूरे मामले की जानकारी कमिश्नर को भी दे दी गई है।

बीएमओ जैसे जिम्मेदार पद पर बैठे व्यक्ति की डिग्री पर सवाल उठने से स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप है। हालांकि, सीएमएचओ फिलहाल सिर्फ कागजी कार्रवाई और पत्राचार की बात कह रहे हैं, लेकिन अभी तक जांच के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। अब सभी को मेडिकल काउंसिल के जवाब का इंतजार है।



# उपचार कार्य के नाम पर शासन की राशि में जमकर लूटपाट

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

वन परिक्षेत्र पश्चिम लांजी सामान्य अंतर्गत बहेला सर्किल के कक्ष क्रमांक 275 तथा कोसमदेही सर्किल के कक्ष क्रमांक 654 में वित्तिय वर्ष 2025-26 में उपचार कार्य के नाम पर लाखों की राशि स्वीकृत की गई थी। ताकि उपरोक्त कक्ष क्रमांकों में उपचार कार्य कर वनों को समृद्ध बनाया जाए तथा वन प्राणियों को पीने का पानी तथा जीवन प्रदान किया जाए किन्तु पश्चिम लांजी में पदस्थ वन परिक्षेत्र अधिकारी तथा सर्किल प्रभारी खोंगल तथा विश्वकर्मा सहायक परिक्षेत्र की सांठगांठ से उपरोक्त कक्ष क्रमांको पर मौका स्थल पर



कार्य नही किया गया हैं। ब्रशूट, लेंटाना उन्मूलन, बोल्डर, चैकडेम तथा अन्य कार्य मौके पर किये जाने थे, किन्तु वनरक्षको के द्वारा कागजो पर कार्य दिखाकर फर्जी प्रमाणक तैयार कर लाखों की राशि मजदूरों के खातों में आहरण कराई गई। शिकायतकर्ता के द्वारा बताया गया कि उपरोक्त कक्ष क्रमाकों की शिकायत मुख्य वनसरंक्षक बालाघाट को की गई हैं। किन्तु अभी तक वनमंडलाधिकारी दक्षिण बालाघाट के द्वारा जांच दल गठित नहीं किया गया हैं। जांच दल के द्वारा मौका स्थल का निरीक्षण कर जांच की जाती हैं तो लाखों के भ्रष्टाचार का खुलासा हो जाएगा। पश्चिम लांजी में वन परिक्षेत्र अधिकारी नेहा घोड़ेश्वर के द्वारा भी पूर्व में जमकर भ्रष्टाचार किया गया था। किन्तु सपन ताम्रकार के द्वारा पदभार ग्रहण करने के बाद भी शासन की राशि में जमकर भ्रष्टाचार का खेल निरंतर जारी हैं,वहीं सूत्र बताते हैं कि वर्तमान माह में भी अग्नि सुरक्षा के नाम पर लाखों के फर्जी भुगतान प्रमाणक तैयार कर भुगतान कराने की तैयारी की जा रही हैं।

# बड़े भाई ने छोटे भाई पर चाकू से हमला किया

**बालाघाट।** बालाघाट के तिरोड़ी थाना क्षेत्र के चोर पिंडेकपार में संपत्ति बंटवारे को लेकर हुए विवाद में बड़े भाई ने छोटे भाई पर हमला कर दिया। पुलिस ने आरोपी भाई अजय भलावे को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया है।

यह घटना चोर पिण्डकेपार में अजय भलावे और अनिरुद्ध भलावे के बीच संपत्ति विवाद के दौरान हुई। विवाद बढ़ने पर बड़े भाई अजय भलावे ने अपने छोटे भाई अनिरुद्ध भलावे (27) के गले पर घरेलू चाकू से हमला कर दिया। घायल अनिरुद्ध को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

घायल अनिरुद्ध ने बताया कि 19 अप्रैल को शाम लगभग 7:30 बजे जब वह घर पर था, तभी उसका बड़ा भाई अजय भलावे आया और गाली-गलौज करने लगा। अनिरुद्ध के मना करने पर आरोपी ने उसके बाल पकड़कर पीछे से गले पर चाकू से हमला किया और जान से मारने की धमकी दी।

अस्पताल चौकी से मिली जानकारी के आधार पर तिरोड़ी



पुलिस ने मामले में कार्रवाई की। पुलिस ने आरोपी अजय भलावे के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं 296(बी), 109(1) और 351(3) के तहत अपराध दर्ज किया।

तलाशी के बाद पुलिस ने आरोपी अजय भलावे को गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर हमले में प्रयुक्त चाकू भी जब्त किया गया। इसके बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया।

आरोपी अजय भलावे (32) पिता धनीराम भलावे को गिरफ्तार करने में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक रुद्रशरण मिश्रा, सउनि दादूराम पटले, प्र.आर. कौशल शर्मा, आर. लक्ष्मीप्रसाद बघेल, ललित देशमुख, विकास तोमर और प्रमेश पाल की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# समर्थन मूल्य पर 54 किसानों से 916 क्विंटल गेहूँ की हुई खरीदी

**बालाघाट।** रबी विपणन मौसम 2026-27 के तहत जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन का कार्य शुरू कर दिया गया हैं। जिले में किसानो से समर्थन मूल्य पर गेहूँ की खरीदी के लिए 13 केंद्र बनाये गए है। इन केंद्रो पर 15 अप्रैल 2026 से खरीदी प्रारंभ कर दी गई है। 22 अप्रैल तक जिले के 54 किसानों से 916 क्विंटल गेहूँ की समर्थन मूल्य पर खरीदी की जा चुकी है। जिले के 4388 किसानों ने समर्थन मूल्य पर गेहूँ विक्रय के लिए अपना पंजीयन कराया है।जिला आपूर्ति अधिकारी श्री आरके ठाकुर ने बताया कि इस वर्ष गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2585 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। इस पर शासन द्वारा 40 रुपए प्रति क्विंटल बोनस दिया जा रहा है। इस प्रकार किसानों को प्रति क्विंटल गेहूँ का दाम 2625 रुपए प्राप्त होगा। रबी विपणन वर्ष 2026-27 में गेहूं उपार्जन के लिए किसानों की स्लॉट बुकिंग की अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2026 निर्धारित की गई है।

# पुलिस कंट्रोल रूम में बैंक सुरक्षा एवं पुलिस, बैंक समन्वय को लेकर बैठक आयोजित



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जिले में बैंक सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने एवं पुलिस–बैंक समन्वय को मजबूत बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक बालाघाट के निर्देशन में पुलिस कंट्रोल रूम में बैंक प्रबंधकों की बैठक आयोजित की गई।बैठक में जिले के विभिन्न राष्ट्रीयकृत एवं निजी बैंकों के शाखा प्रबंधक एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान बैंक सुरक्षा के साथ-साथ पुलिस एवं बैंक के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर विशेष जोर दिया गया।पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी बैंक शाखाएं अपने संबंधित थाना एवं बीट अधिकारी के साथ नियमित संपर्क बनाए रखें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। प्रत्येक बैंक के लिए नोडल पुलिस अधिकारी नियुक्त कर समन्वय व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के निर्देश भी दिए गए।बैठक में बैंक परिसरों में CCTV कैमरों का पूर्ण कवरेज सुनिश्चित करने, किसी भी प्रकार के ब्लाइंड स्पॉट को समाप्त करने पर बल दिया गया। साथ ही बैंक परिसर के अंदर एवं बाहर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा रात्रि के समय स्पष्ट दृश्यता बनाए रखने के निर्देश दिए गए।इसके अतिरिक्त प्रशिक्षित एवं हथियारयुक्त सुरक्षा गार्ड की तैनाती, पैनिक बटन एवं अलार्म सिस्टम को सक्रिय रखने, स्ट्रॉन्ग रूम की सुरक्षा मजबूत करने तथा कैश ट्रांजिट के दौरान पुलिस समन्वय सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि बैंक स्टाफ को नियमित रूप से सुरक्षा एवं साइबर जागरूकता प्रशिक्षण दिया जाएगा तथा समय-समय पर पुलिस एवं बैंक के संयुक्त मॉक ड्रिल आयोजित किए जाएंगे।बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में बैंक सुरक्षा प्रणाली को और अधिक मजबूत बनाना तथा पुलिस एवं बैंक के बीच त्वरित एवं प्रभावी समन्वय स्थापित करना है।

# ककोड़ी हाईस्कूल 10वीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत

## शिक्षा अधिकारी ने प्राचार्य को दिया प्रशस्ति पत्र



हरिभूमि न्यूज किरनापुर।

शासकीय हाईस्कूल रानककोडी का शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम होने पर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा - प्रशस्ति पत्र दिया गया, उक्त के सम्बन्ध में संस्था शासः हाईस्कूल रान ककोड़ी का सत्र 2025-26 में कक्षा दसवी में कुल अध्ययनरत छात्र छात्रा कुल 50 में प्रथम श्रेणी में 37 द्वितीयश्रेणी में 12. तथा तृतीय श्रेणी में 01 कुल 30 छात्र/छात्राओं द्वारा शत-प्रतिशत उत्तीर्ण दर्ज कराई। संस्था से प्रथम श्रेणी उच्चतम अंक हर्षाचौधरी 93.6%, रोशनी भानेश्वर दिलीप 12%, प्रवीण हनति 90.6% ने प्राप्त कर संस्था को गौरवान्वित किया। इस उपलब्धि पर संस्था प्राचार्य श्री घनश्याम तेलासे जी को जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा शत प्रतिशत परिणाम के लिए पुरुस्कृत किया गया।

# एकोड़ी में हैंडपंप जल की हुई जांच, 8 स्रोतों का पानी पेय योग्य पाया गया



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिले की वारासिवनी तहसील के ग्राम एकोड़ी के वार्ड क्रमांक-01 स्थित आंगनवाड़ी परिसर में स्थापित 12 हैंडपंपों के जल की गुणवत्ता की जांच फील्ड टेस्ट किट के माध्यम से की गई। परीक्षण के दौरान जल को 10 विभिन्न पैरामीटर पर परखा गया।लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री बी एल उईके ने बताया कि हैंडपंपों के जल परीक्षण परिणामों के अनुसार 12 में से 8 हैंडपंपों का जल पेय योग्य पाया गया, जिससे ग्रामीणों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध हो रहा है। वहीं शेष 4 हैंडपंपों में आयरन एवं टर्बिडिटी की मात्रा निर्धारित मानकों से अधिक पाई गई, जिसके कारण इनका पानी पीने योग्य नहीं है। संबंधित हैंडपंपों के जल का उपयोग केवल बाहरी कार्यों जैसे सफाई आदि के लिए करने की सलाह दी गई।इस दौरान ग्रामीणों को जल संरक्षण एवं जल के समुचित उपयोग के प्रति जागरूक किया गया तथा पानी बचाने के लिए आवश्यक सुझाव भी दिए गए। कार्यक्रम में ग्राम सरपंच श्रीमती सरिता मेश्राम, सचिव श्री अभिजीत सिंह चौहान, सहायक यंत्री श्री विजय कुमार तिवारी, उपयंत्री सुश्री शिवानी श्रीवास्त्री, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर श्री प्रतांशी पाठक एवं आंगनवाड़ी सहायिका श्रीमती बसंती हिरकने सहित अन्य ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# बालाघाट विद्युत विभाग की मुहिम, दुर्घटना संभावित स्थलों का चिन्हांकन कर नियमित रूप से किया जा रहा सुधार कार्य





हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

विद्युत विभाग द्वारा गर्मियों के मौसम को देखते हुए और पुरानी व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए युद्ध स्तर पर नियमित रूप सुधार कार्य तेजी से किया जा रहा है । वही मध्य प्रदेश विद्युत वितरण कंपनी, बालाघाट के अधीक्षण अभियंता बालाघाट अमित कुमार के मार्गदर्शन में एवं कार्यपालन अभियंता श्री रवि कुमार कुम्हरे के निर्देशानुसार वितरण केंद्र अंतर्गत ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में विद्युत सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए दुर्घटना संभावित पॉइंट्स का चिन्हांकन कर उन्हें सुधारने की विशेष कार्रवाई सतत रूप से की जा रही है।इसी क्रम में भरवेली वितरण केंद्र अंतर्गत ग्राम बोदा में झूलते हुए LT तार, जो कि एक गंभीर एक्सीडेंटल पॉइंट के रूप में चिन्हित था का निराकरण करते हुए कनिष्ठ अभियंता श्री सुभाष नाग द्वारा मौके पर LT पोल एवं केबल स्थापित कराया गया। वही ग्राम बोदा ही नहीं, बल्कि अन्य ग्राम एवं आसपास के क्षेत्रों में भी ऐसे सभी जोखिमपूर्ण स्थानों का सर्वे कर प्राथमिकता के आधार पर सुधार कार्य तेजी से किया जा रहा है, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना की संभावना को समय रहते सुधार किया जा सके।इस पहल से ग्रामीणों में सुरक्षा के प्रति विश्वास बढ़ा है तथा विद्युत विभाग की सक्रिय एवं जिम्मेदार कार्यप्रणाली की सराहना की जा रही है।

**विभाग की प्रतिबद्धता:** विद्युत विभाग द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी संभावित दुर्घटना बिंदुओं की समय-समय पर पहचान कर त्वरित सुधार किया जाए, जिससे सुरक्षित एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति बनी रहे।

# पैसे के लेनदेन को लेकर गर्रा निवासी दिलीप भैरम ने पुलिस अधीक्षक से की शिकायत

## गर्रा निवासी भगत परिवार पर धमकाने का आरोप लगाया

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट नगर में एक समय यूवा राईस मिलर्स एवं व्यवसायी के रुप में जितेन्द्र (मोनु) भगत ने अच्छी छबी निर्मित की थी, तथा राईस मिल एसोसिएशन जैसे प्रतिष्ठित संगठन के अध्यक्ष पद पर भी मोनु भगत को अवसर दिया गया था, लेकिन अपनी कारगुजारियों के कारण जहां मोनु भगत को राईस मिलर्स सदस्यों ने पद से अलग करते हुए उनसे दूरीयां बना ली, वहीं इसके बाद भी कारोबारी मोनु भगत के आचरण में सुधार नहीं होता दिख रहा है, तथा अब मोनु भगत के खिलाफ उनके ही ग्राम के एक यूवक द्वारा १० लाख रुपये के गबन का आरोप लगाते हुए मामला पुलिस तक एवं न्यायालयीन कार्यवाही तक के लिये पहुंचा दिया गया है, जिसके बाद अब मोनु भगत गुंडागर्दी पर उतर आया है, तथा उसके द्वारा स्वयं एवं पूर्व से चिन्हित कुछ गुंडा तत्वों के साथ मिलकर फरियादी ग्राम गर्रा



निवासी दिलीप भैरम को धमकीयां दी जा रही है, जिसकी शिकायत दिलीप भैरन ने थाना कोतवाली बालाघाट एवं पुलिस अधीक्षक बालाघाट के समक्ष शिकायत की है।शिकायत में ग्राम गर्रा निवासी जितेंद्र उर्फ मोनू भगत के संदर्भ में दिलीप भैरम ने बताया कि मोनू भगत द्वारा एक बड़ी १० लाख रुपये उससे ली गई थी और अब लगभग दस लाख रुपए की राशि लौटाई नहीं जा रही है। शिकायतकर्ता दिलीप भैरम के अनुसार जब उसने इस मामले के कानूनी का सहारा लेते हुए विधिवत नोटिस भिजवाया तो मोनू भगत एवं उसके पक्ष के लोगों ने उसे धमकियां देनी शुरू कर दी। लगातार धमकियां मिलने से डरकर दिलीप भैरम ने बताया कि वह आज पुलिस अधीक्षक बालाघाट एवं थाना प्रभारी कोतवाली बालाघाट को इस मामले में अपराध दर्ज करवाने पहुंचा है। पीड़ित भैरम ने बताया कि वह पेशे से किसान और कांट्रेक्टर भी है, उसके द्वारा लेन देन की पहले भी शिकायत की गई थी परन्तु कोई कार्यवाही नहीं होने से उसे न्यायालय का सहारा लेना पड़ा, परंतु अब भगत परिवार के लोगों द्वारा उन्हें कोर्ट में पेशी के नहीं जाने के लिए दबाव बनाया जा रहा है और पेशी में जाने पर जान से मारने की धमकियां दी जा रही हैं। फरियादी दिलीप भैरम ने जितेंद्र भगत उसके भाई विनोद भगत एवं श्रीमती मनीषा भगत द्वारा उसको धमकाए जाने की शिकायत दर्ज कराई है।

# कान्हा क्षेत्र में शावक की मौत, भूख की जताई आशंका

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

कान्हा टाइगर रिजर्व क्षेत्र में एक नर बाघ शावक की भूख से मौत हो गई है। वन्यजीव प्रेमियों ने इस घटना पर चिंता व्यक्त की है।

यह घटना मंगलवार को सामने आई। नियमानुसार विशेषज्ञ और पशु चिकित्सा अधिकारियों द्वारा शावक का पोस्टमार्टम (पीएम) कराया गया, जिसके बाद शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

कान्हा टाइगर रिजर्व की उपनिदेशक अमीता के.बी. ने बताया कि शावक पहले से ही कमजोर हालत में ट्रैप कैमरे में दिखा था और उसकी तलाश की जा रही थी। जब उसका शव मिला, तो उसके आसपास मादा बाघ और अन्य शावक भी मौजूद थे।



पोस्टमार्टम में शावक के सभी अंग सुरक्षित पाए गए। प्रथम दृष्टया मौत स्वाभाविक प्रतीत हो रही है। निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार, वरिष्ठ अधिकारियों और एनटीसीए के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में शव का दाह संस्कार किया गया। मामले की जांच जारी है।

वन्यजीव प्रेमी अभय कोचर ने इस घटना पर गहरी चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि कान्हा टाइगर रिजर्व अपनी बाघों की आबादी के लिए जाना जाता है, और ऐसे में भूख से शावक की मौत निगरानी और पेट्रोलिंग पर सवाल खड़े करती है।

कोचर ने कान्हा प्रबंधन से मादा बाघ और अन्य शावकों पर कड़ी निगरानी रखने का आग्रह किया है ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। उन्होंने यह भी बताया कि शावक की उम्र स्पष्ट नहीं है, लेकिन आमतौर पर बाघ शावक 5-6 महीने तक मां के दूध पर और उसके बाद 4-5 महीने तक मां द्वारा लाए गए भोजन पर निर्भर रहते हैं, जिसके बाद वे शिकार करना सीखते हैं।


## जलते है दो बल्ब बिजली का बिल 44000 हजार के पार

# गरीब परिवार ने दिए मीटर लगाने के 1400 रु, फिर भी नहीं जल रही है घर में बिजली

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।



लालबर्रा तहसील के ग्राम कंजई से बड़ी खबर सामने आ रही है जहां एक गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले गरीब परिवार को बिजली का बिल 44000 हजार रुपए का आया है. जिससे वह बहुत ही परेशान है गरीब परिवार ने बताया कि हम लोग कमाने के लिए नागपुर जाते हैं। जनवरी महीने में हमारे द्वारा 3200 का बिल पटाया गया था। हमारे द्वारा लाइनमैन से बोला गया कि इतना बिल क्यों आ रहा है तो उसके द्वारा कहा गया कि आपका मीटर खराब है बदलना पड़ेगा। गरीब परिवार से रू1400 लिए गए जो सरासर गलत है विडंबना यह है कि 15 दिन से गरीब परिवार के घर में बिजली नहीं है फिर भी बिजली विभाग कोई ध्यान नहीं दे रहा है। पीड़ित राजकुमार मडावी का कहना है कि गरीब आदमी हम गरीब आदमी है 44000 हजार रुपए का बिल कहां से देंगे. हम भी नागपुर कमाने जाते हैं 4 महीने बाद आए हैं घर में तो बिजली जलती ही नहीं फिर बिल काहे का देंगे। पीड़ित ने कलेक्टर से गुहार लगाई है कि हम बहुत ही गरीब है बाहर कमाने के लिए जाते हैं हम इतना बिल कहां से देंगे और 15 दिन से बिजली भी घर पर नहीं जल रही है लाइनमेन को बोल बोल के थक गए हैं क्या करें समझ नहीं आ रहा अंधेरे में रह रहे हैं।


Block No / Shakti Bhawan, Rampur, Jabalpur
Total Amount Payable 1st Due Date
Total Amount Payable After Due Date
Due Date
Connection Type Domestic
Sanctioned Load 1.2 KW
DC / Zone Amoli
Division WARASEONI
Bill Month MAR-2026
Billing Date 28-03-2026
Bill Type Actual Bill
Current Reading Date 27-03-2026
Payment Detail
Amount Paid 3221
Last Six Months Consumption
Billing Details
Energy Charges
Fixed Charge
Electricity Duty
M.P. Govt. Subsidy Amount